**State Environment Impact Assessment Authority, M.P.**
**(Government of India, Ministry of Environment, Forests & Climate Change)**
**Environmental Planning & Coordination Organization**
Paryavaran Parisar, E-5. Arera Colony
Bhopal-4620 16
visit us http://www.mpseiaa.nic.in
Tel:0755-2466970, 2466859
Fax : 0755-2462136

No: 2363 / SEIAA/2021
Date: 27/10/21

<u>कार्यालयीन ज्ञापन</u>

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, म.प्र. (सिया) समिति के निर्देशानुसार एवं पूर्व में जारी कार्यालयीन ज्ञापन क्र. 1216/SEIAA/2019 दिनांक 20.06.2019 में आंशिक संशोधन करते हुए समस्त परियोजना प्रस्तावक/आर.क्यू.पी./सलाहकार हेतु निर्देशित महत्वपूर्ण कार्यवाही बिंदु निम्नानुसार है :–

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु सत्य जानकारी के संबंध में जो शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है वह SEIAA द्वारा पूर्व में जारी कार्यालयीन ज्ञापन क्र. 1216 दिनांक 20.06.2019 के परिशिष्ट–1अ एवं परिशिष्ट–1ब के अनुसार किया जा रहा था, अतः परियोजना प्रस्तावकों की सुविधा के लिये उक्त शपथ पत्र में आंशिक संशोधन किया जाता है, जो कि **संशोधित परिशिष्ट–1 अ एवं परिशिष्ट–1 ब** पर दर्शित हैं।
- परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु अधिकृत किये जा रहे आर.क्यू.पी/पर्यावरण सलाहकार के संबंध में जो शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है वह SEIAA द्वारा पूर्व में जारी कार्यालयीन ज्ञापन क्र. 1216 दिनांक 20.06.2019 के परिशिष्ट–2 के अनुसार किया जा रहा था। उक्त शपथ पत्र में आंशिक संशोधन किया जाता है, जो कि **संशोधित परिशिष्ट–2** पर दर्शित हैं।
- परियोजना प्रस्तावक की सुविधा के दृष्टिगत SEIAA व SEAC द्वारा आंतरिक समस्त पत्राचार, कार्यवाही के साथ–साथ भारत सरकार, राज्य शासन के समस्त विभागों, जिला स्तर पर समस्त कार्यालयों के साथ ही परियोजना प्रस्तावक को प्रेषित किए जाने वाले समस्त सूचना व पत्राचार में हिन्दी भाषा को प्राथमिकता दी जाएगी।
- ऐसे समस्त प्रकरण जिनमें SEIAA अथवा DEIAA द्वारा पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदाय की गई है एवं Expansion के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है, को पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तो का अनुपालन प्रतिवेदन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय से अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।

27/10/21
**(श्रीमन् शुक्ला)**
**सदस्य सचिव**

पृ.क्र. 2364 /SEIAA/2021 दिनांक – 27/10/21
**प्रतिलिपि :–**

1. अध्यक्ष/सदस्य SEIAA एवं SEAC भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. सर्व संबंधित।
3. गार्ड फाईल।
4. DEO की ओर website पर अपलोड करने हेतुं।

**सदस्य सचिव**

## शपथ पत्र

### (निर्माण कार्य, क्षेत्र विकास, नदीघाटी परियोजना, औद्योगिक इकाई एवं अन्य परियोजना)

मैं (परियोजना प्रस्तावक) श्री ............................................................आत्मज श्री ............................................................ पता ............................................................ परियोजना .................................... ग्राम ............................ तहसील ......................... जिला ........................... खसरा नम्बर ............................, रकबा ........................, की सत्यनिष्ठा से पुष्टि करते हैं कि :–

परियोजना स्थल के संबंध में कोई भी वाद/विवाद न्यायालय में विचाराधीन नहीं है, भविष्य में यदि किसी भी प्रकार का न्यायालयीन वाद/विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सम्पूर्ण जबावदारी अधोहस्ताक्षकर्ता की होगी।

परियोजना स्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य / उत्पादन गतिविधियां शुरू नहीं की गई हैं।

मेरे द्वारा प्रस्तावित परियोजना के लिये पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु SEIAA में ऑनलाईन किये जा रहे आवेदन के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज मेरी जानकारी अनुसार सत्य एवं सही है एवं इसमें कोई तथ्य नही छुपाया गया है। यदि उक्त दस्तावेजों में कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर गलत पायी जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जबावदारी अधोहस्ताक्षरकर्ता की होगी एवं SEIAA/SEAC द्वारा उक्त आवेदन में जो भी निर्णय लिया जायेगा वह अधोहस्ताक्षकर्ता को मान्य होगा।

परियोजना प्रस्तावक के हस्ताक्षर

### सत्यापन

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है एवं किसी भी प्रकार का कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है। सत्यापन आज दिनांक ..................को किया गया।

दिनांक :

स्थान :

परियोजना प्रस्तावक के हस्ताक्षर

# शपथ पत्र

## (खनन परियोजना)

मैं (परियोजना प्रस्तावक) श्री ........................................................................आत्मज श्री ......................................................................... पता ........................................................................... खनिज उत्खनन पट्टा ...................................... ग्राम ................... तहसील ......................... जिला ........................... खसरा नम्बर ............................., रकबा ......................., की सत्यनिष्ठा से पुष्टि करते हैं कि :–

मेरे द्वारा प्रस्तावित परियोजना के लिये पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु SEIAA में ऑनलाईन किये जा रहे आवेदन के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज मेरी जानकारी अनुसार सत्य एवं सही है एवं इसमें कोई तथ्य नही छुपाया गया है। यदि उक्त दस्तावेजों में कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर गलत पायी जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जबावदारी अधोहस्ताक्षरकर्ता की होगी एवं SEIAA/SEAC द्वारा उक्त आवेदन में जो भी निर्णय लिया जायेगा वह अधोहस्ताक्षकर्ता को मान्य होगा।

परियोजना प्रस्तावक के हस्ताक्षर

## सत्यापन

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है एवं किसी भी प्रकार का कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है। सत्यापन आज दिनांक ..................को किया गया।

दिनांक :

स्थान :

परियोजना प्रस्तावक के हस्ताक्षर

# शपथ पत्र

## पंजीकृत योग्य व्यक्ति (RQP)/ पर्यावरण सलाहकार

मैं (परियोजना प्रस्तावक) श्री ........................................................आत्मज श्री ..................................... अपनी ओर से अधिकृत आर.क्यू.पी./ पर्यावरण सलाहकार (फर्म, नाम, पूरा पता) श्री ..................................................... ...................... पता ........................................................................................................को परियोजना प्रस्ताव (प्रस्तावित परियोजना का कार्य स्थल सहित विवरण) ................................................................ की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति के लिये तथ्यात्मक आकड़ों के आधार पर समस्त दस्तावेजों को तैयार करने एवं SEIAA/SEAC में प्रस्तुतीकरण हेतु अधिकृत करता हूँ एवं उक्त समस्त दस्तावेजों में कोई भी जानकारी कूटरचित/त्रुटिपूर्ण पायी जाती है तो उसकी जबावदारी अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं आर.क्यू.पी./पर्यावरण सलाहकार की होगी। मैं यह भी आश्वस्त करता हूँ कि SEIAA/SEAC समिति द्वारा प्रस्तावित परियोजना में जो भी निर्णय लिया जायेगा उसका पालन करने को मैं बाध्य रहूँगा।

हस्ताक्षर

परियोजना प्रस्तावक का नाम ..................................
..............................................................................

पत्राचार का पता ..............................................
..............................................................................

मोबाईल नं. ....................................................

ई–मेल ..........................................................

हस्ताक्षर

RQP/पर्यावरण सलाहकार का नाम ........................
..............................................................................

पता ..............................................................
..............................................................................

मोबाईल नं. ....................................................

ई–मेल ..........................................................